

तथ्य:

# विकलांगता-ग्रस्त लोगों के लिए पंजीकरण जानकारी

Hindi - हिन्दी

विकलांगता कर्मियों का स्वैच्छिक पंजीकरण 1 जुलाई 2021 को शुरू होगा। पंजीकरण का उद्देश्य विकलांगता समर्थन की गुणवत्ता और विकल्पों में सुधार करना है। यह विक्टोरिया सरकार की "विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ दुर्व्यवहार की शून्य सहिष्णुता" के दृष्टिकोण का हिस्सा है।

## मुझे पंजीकृत विकलांगता कर्मी का चयन क्यों करना चाहिए?

विकलांगता सेवाओं का उपयोग करने वाले लोगों के लिए विकलांगता कर्मियों की कुशलताओं और विशेषज्ञता का आश्वासन मिलना कठिन हो सकता है। सभी विकलांगता कर्मियों के लिए उनकी सुरक्षा और सक्षमता का आकलन एक ही तरह से नहीं किया जाता है। आपको पंजीकरण से सुरक्षित और ऊंची गुणवत्ता की सेवाएँ सुलभ होने में सहायता मिलेगी।

चाहे पंजीकृत विक्टोरियाई विकलांगता कर्मियों को कैसे भी निधीकृत या कार्यरत किया जाए, लेकिन उनके सुरक्षित, कार्य-कुशल और पेशेवर होने का स्वतंत्र आकलन विक्टोरिया के विकलांगता कर्मी पंजीकरण बोर्ड (Disability Worker Registration Board of Victoria) द्वारा किया जाता है, जो इसके लिए नियामक है।

आप 1 अक्टूबर 2021 से वेबसाइट www.vdwc.vic.gov.au पर विकलांगता कर्मियों के रजिस्टर (Register of Disability Workers) में किसी कर्मी के पंजीकृत होने की जल्दी और आसानी से जाँच कर पाएँगे/पाएँगी।

## कर्मियों को किस तरह का पंजीकरण कराने की आवश्यकता है?

*विकलांगता सेवा सुरक्षा अधिनियम 2018 (अधिनियम) [The Disability Service Safeguards Act 2018 (the Act)]* के अंतर्गत पंजीकरण के आवेदकों को यह प्रदर्शित करने की आवश्यकता है कि विक्टोरिया के विकलांगता कर्मी पंजीकरण बोर्ड (बोर्ड) [Disability Worker Registration Board of Victoria (the Board)] द्वारा विकलांगता कर्मी के रूप में पंजीकृत किए जाने के उद्देश्य से क्या उनके पास सुरक्षित कार्यप्रथाओं के लिए आवश्यक ज्ञान, कुशलताएँ और विशेषताएँ हैं।

बोर्ड इन बातों पर विचार करके कर्मियों की पंजीकरण के लिए उपयुक्तता का आकलन भी करेगा:

- किसी व्यक्ति की सुरक्षापूर्वक कार्य करने की क्षमता को हानिकारक रूप से प्रभावित करने वाली कोई क्षति
- प्रासंगिक आपराधिक इतिहास
- अंग्रेज़ी भाषा की कुशलता
- विकलांगता या स्वास्थ्य कर्मी के रूप में पंजीकरण का निरस्तीकरण या निलंबन
- स्वास्थ्य या विकलांगता सेवाएँ अथवा बच्चों को देखभाल उपलब्ध कराने के संबंध में कोई प्रतिबंध या निषेधाज्ञाएँ
- क्या वह व्यक्ति पंजीकृत होने के लिए उपयुक्त और उचित व्यक्ति है?

## क्या मैं पंजीकृत विकलांगता कर्मी का चयन कर पाउंगा/पाउंगी?

आप विकलांगता सेवाएँ उपलब्ध करने के लिए पंजीकृत कर्मियों का चयन कर सकते/सकती हैं।

इसका अर्थ है कि आप अपने लिए सही विकलांगता कर्मी का चयन सकते/सकती हैं, क्योंकि आपको पता होगा कि सुरक्षापूर्वक कार्य करने के लिए उनके पास आवश्यक ज्ञान, कुशलताएँ और विशेषताएँ हैं।

## यदि मेरे पास NDIS योजना है, तो क्या मैं पंजीकृत विकलांगता कर्मी का चयन कर सकता/सकती हूँ?

हाँ, पंजीकृत कर्मी NDIS सेवा प्रदाताओं सहित सभी प्रकार के संगठनों में कार्य कर सकते हैं अथवा स्व-रोजगार कर सकते हैं।

पंजीकरण यह सुनिश्चित करता है विक्टोरिया के विकलांगता कर्मियों का आकलन सुरक्षित, कार्यकुशल और पेशेवर होने के रूप में किया जाता है, चाहे आपके विकलांगता कर्मी किसी भी सेवा प्रदाता के लिए काम करें, अपनी सेवाओं के लिए कहीं भी विज्ञापन दें या उनकी सेवाओं को कैसे भी निधीकृत किया जाए।

इसका अर्थ है कि आप अपनी NDIS योजना के माध्यम से पंजीकृत विकलांगता कर्मी का चयन कर सकते/सकती हैं।

## क्या मैं अपंजीकृत विकलांगता कर्मी का चयन कर सकता/सकती हूँ?

आप किसी अपंजीकृत कर्मी का चयन करने का निर्णय ले सकते/सकती हैं। विक्टोरिया में अपंजीकृत कर्मियों को आचार संहिता का पालन करना आवश्यक होता है। विक्टोरिया के विकलांगता कर्मी आयुक्त (Victorian Disability Worker Commissioner) अपंजीकृत विकलांगता कर्मियों का विनियमन करते हैं।

विकलांगता सेवा सुरक्षा आचार संहिता (Disability Service Safeguards Code of Conduct) को अधिनियम (the Act) के तहत नियम बनाए गए विकलांगता सेवा सुरक्षा विनियम 2020 (Disability Service Safeguards Regulations 2020) में नियत किया गया है।

विक्टोरिया के सभी विकलांगता कर्मियों को विकलांगता सेवा सुरक्षा आचार संहिता (Disability Service Safeguards Code of Conduct) का पालन करना आवश्यक है और इससे विकलांगता-ग्रस्त लोगों को हानि और दुर्व्यवहार से सुरक्षित रखने का एक मानक मिलता है।

## विकलांगता कर्मी रजिस्टर (Disability Worker Register)

सभी पंजीकृत विकलांगता कर्मियों को विक्टोरिया के विकलांगता कर्मी सार्वजनिक रजिस्टर पर सूचीबद्ध किया जाएगा, जो यहाँ उपलब्ध होगा: www.vdwc.vic.gov.au.

आप अपने निकट स्थित पंजीकृत विकलांगता कर्मियों की खोज करने के लिए विक्टोरिया के विकलांगता कर्मी रजिस्टर में खोज कर सकते/सकती हैं।

वेबसाइट पर आपको विक्टोरिया के ऐसे विकलांगता कर्मियों की सूची भी मिलेगी, जिनके लिए निषेधाज्ञा जारी की गई है।

### विक्टोरिया के विकलांगता कर्मी आयोग (Victorian Disability Worker Commission) के बारे में

विक्टोरिया का विकलांगता कर्मी आयोग (Victorian Disability Worker Commission) एक स्वतंत्र निकाय है, जिसे विकलांगता-ग्रस्त लोगों की बेहतर सुरक्षा और अधिक सशक्त, अधिक सुरक्षित विकलांगता क्षेत्र का निर्माण करने के लिए स्थापित किया गया है। यह विकलांगता सेवा सुरक्षा आचार संहिता (Disability Service Safeguards Code of Conduct) के लिए जिम्मेदार है, जो विक्टोरिया में विकलांगता-ग्रस्त लोगों को समर्थन देने वाले सभी कर्मियों के लिए न्यूनतम उम्मीदों और शिकायत सेवा की स्थापना करता है। यह शिकायतों और सूचनाओं को स्वीकार कर सकता है, और इसके पास लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले कर्मियों की जांच करने और उनको प्रतिबंधित करने की शक्तियां भी हैं।

हमारी वेबसाइट **vdwc.vic.gov.au** पर जाएँ या 1800 497 132 पर कॉल करें
हमारे समाचारपत्र के लिए साइन अप करें
हमें फॉलो करें